कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं बी.एड. संकायों की नैक (B⁺⁺) प्रत्यायित संस्था

# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय

सिविल लाइन्स, गोरखपुर–273001

**सम्बद्ध : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर**

# दिगंत

## ई-पत्रिका:जनवरी-2025



उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 'अ' श्रेणी में वर्गीकृत


**Website** : www.dnpgcollege.edu.in **Helpline Email** : dnpgonline@gmail.com

**Office Email** : dnpggkp@gmail.com **Contact Number** : 0551-2334549


For Social App links (Click one icon) :



# दिगंत-ई-पत्रिका:जनवरी-2025

## संरक्षक मण्डल



परमपूज्य गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ जी महाराज

## मुख्य संरक्षक



प्रो.उदय प्रताप सिंह
अध्यक्ष, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद, गोरखपुर



श्री प्रमोद कुमार चौधरी
उपाध्यक्ष, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद, गोरखपुर

## सम्पादक मण्डल



प्रो. ओम प्रकाश सिंह,प्राचार्य

## प्रधान सम्पादक

1. **डॉ. सुभाष चन्द्र,** सहायक आचार्य, बी.एड. विभाग 
2. **डॉ. विभा सिंह,** सहायक आचार्य, हिन्दी विभाग 
3. **डॉ. प्रियंका सिंह,** सहायक आचार्य, राजनीति विज्ञान विभाग 
4. **श्री अश्वनी कुमार श्रीवास्तव,** तकनीकी सहायक 




January-2025

# कार्यक्रम-विवरण


| क्र.सं. | दिनांक एवं दिन | विभाग का नाम | कार्यक्रम का नाम | पेज नं. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 11.01.2025 शनिवार | महाविद्यालय | युगपुरुष महन्त दिग्विजयनाथ स्मृति व्याख्यानमाला | 1–2 |
| 2 | 23.01.2025 वृहस्पतिवार | रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग | सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर पराक्रम दिवस का आयोजन | 2–3 |
| 3 | 24.01.2025 शुक्रवार | महाविद्यालय | महाविद्यालय एवं अभियान थिएटर ग्रुप, गोरखपुर के बीच एम.ओ.यू. | 3 |
| 4 | 24.01.2025 शुक्रवार | राष्ट्रीय सेवा योजना | राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में 'मानव श्रृंखला तथा सड़क सुरक्षा शपथ' | 4 |
| 5 | 24.01.2025 शुक्रवार | महाविद्यालय | सत्र 2023–24 के ए.क्यू.ए.आर का निरीक्षण एवं मूल्यांकन | 4–5 |
| 6 | 25.01.2025 शनिवार | महाविद्यालय | स्वयंसेवकों द्वारा मतदाताओं को किया गया जागरूक | 5–6 |
| 7 | 25.01.2025 शनिवार | महाविद्यालय | मतदाता दिवस पर एन.सी.सी कैडेट्स द्वारा जागरूकता रैली एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन | 7 |




# युगपुरुष महन्त दिग्विजयनाथ स्मृति व्याख्यानमाला : 2024–25 के अन्तर्गत स्वामी विवेकानन्द जंयती पर व्याख्यान का आयोजन






दिनांक 11.01.2025 को महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में युगपुरुष महन्त दिग्विजयनाथ स्मृति व्याख्यानमाला : 2024–25 के अन्तर्गत स्वामी विवेकानन्द जंयती की पूर्व संध्या पर 'आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रो. संजीत कुमार गुप्ता, कुलपति, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि भारत भूमि मार्गदर्शन प्रदान करने वाली भूमि है। वैश्विक परिस्थिति में युवाओं को आत्मनिर्भर बनना होगा, जिस दिशा में उन्हें एक अच्छा मनुष्य बनने के लिए स्वामी विवेकानन्द से प्रेरणा लेनी चाहिए। भारत के युवाओं को अपनी मूल पहचान कायम करना होगा जो आत्मनिर्भरता को प्रस्तुत करता है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रो. ए.के तिवारी, पूर्व विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग, दी.द.उ. गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर ने कहा कि आत्मनिर्भरता कोई नया शब्द नही है। स्वाधीनता

आन्दोलन में भी सामाजिक, आर्थिक आत्मनिर्भरता की बात कही गयी। विकसित भारत 2047 का लक्ष्य आत्मनिर्भरता के माध्यम से ही पूरा किया जा सकेगा। देश में लाकडाउन के समय प्रधानमंत्री 20 हजार करोड़ रूपये का एक विशेष पैकेज लेकर आये। हमारे लघु व गृह उद्योग जो विलुप्त होने के कगार पर थें, उन्हें सहेजने पर ध्यान दिया गया। **कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि** पूरे विश्व में युवाओं के लिए स्वामी विवेकानन्द प्रेरणास्रोत है। विवेकानन्द जी के सपनों को पूरा करने के लिए युवाओं की प्रमुख भूमिका है।

**कार्यक्रम में विषय प्रवर्तन व संचालन डॉ. अभय मालवीय एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. संजीव सिंह, प्रभारी वाणिज्य विभाग ने किया।**

## रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग द्वारा सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर पराक्रम दिवस का आयोजन

**दिनांक 23.01.2025 को महाविद्यालय, के रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग द्वारा सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर पराक्रम दिवस का आयोजन किया गया।**






**इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य/मुख्य अतिथि प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि** सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज को संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा 21 अक्टूबर 1943 को आजाद हिंद फौज के सर्वोच्च सेनापति की हैसियत से स्वतंत्र भारत की अस्थाई सरकार बनाई जिसे तत्समय 11 देशों की मान्यता प्राप्त थी। उन्होंने सर्वप्रथम गांधी जी को राष्ट्रपिता की संज्ञा दी तथा **'जय हिंद' और 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा'** जैसे नारों को देकर राष्ट्र के स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी महत्ता

January 2025

को सिद्ध किया। नेताजी आधुनिक भारत के निर्माण के शिल्पकार थे। आज के दिन उनको याद कर हम सभी उनके द्वारा दिखाये मार्ग पर चलने का प्रयास करेंगे।

**उक्त कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. अंकित सिंह, सहायक आचार्य, भूगोल विभाग, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर ने कहा कि** नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्वतंत्रता संघर्ष के उन नेताओं में से थे जिन्होंने युवाओं को स्वतंत्रता संघर्ष की तरफ उन्मुख कर स्वतंत्रता आंदोलन को तीव्रता प्रदान की। आजाद हिंद फौज के माध्यम से उन्होंने युवाओं को देश की आजादी में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु एकत्रित किया।

## महाविद्यालय एवं अभियान थिएटर ग्रुप, गोरखपुर के बीच एम.ओ.यू.



**दिनांक 24.01.2025 को महाविद्यालय एवं अभियान थिएटर ग्रुप के बीच रंगमंच के प्रचार–प्रसार सहित व्यक्तित्व विकास हेतु थिएटर क्लब गठन हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह, आई.क्यू.ए.सी. कोऑर्डिनेटर प्रो. परीक्षित सिंह, मुख्य नियंता डॉ. राम प्रसाद यादव एवं श्री नारायण पाण्डेय, अध्यक्ष, अभियान थिएटर ग्रुप, गोरखपुर की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ।**

**समझौता ज्ञापन के** पश्चात **अध्यक्ष, श्री नारायण पाण्डेय,** ने कहा की विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का सर्वाधिक सशक्त माध्यम रंगमंच होता है। रंगमंच से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, सौहार्द की भावना, सामजिकता, कल्पनाशीलता, एकाग्रता, आत्मविश्वास, टीम भावना, त्याग की भावना विपरीत परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता आदि का विकास होता है।

January 2025

## राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में 'मानव श्रृंखला तथा सड़क सुरक्षा शपथ'

**दिनांक 24.01.2025 को महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में ''मानव श्रृंखला तथा सड़क सुरक्षा शपथ'' ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**







उक्त अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी तथा शिक्षकों के साथ स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं द्वारा मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु शपथ भी ग्रहण किया गया।

## सत्र 2023–24 के ए.क्यू.ए.आर का निरीक्षण एवं मूल्यांकन





दिनांक 25 जनवरी 2025 को **महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह एवं आई.क्यू.ए.सी., कोऑर्डिनेटर, प्रो. परीक्षित सिंह** के नेतृत्व में सत्र 2023–24 के ए.क्यू.ए.आर का निरीक्षण एवं मूल्यांकन **डॉ. अमरनाथ तिवारी, सहायक आचार्य, महंत अवेद्यनाथ राजकीय महाविद्यालय, जंगल कौडिया, गोरखपुर** एवं **डॉ. पवन कुमार पाण्डेय, सहायक आचार्य, कंप्यूटर विज्ञान विभाग,**

**दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर, गोरखपुर** के सहयोग से किया गया।

**डॉ. अमरनाथ तिवारी जी** ने महाविद्यालय द्वारा तैयार सत्र 2023–24 का नैक ए.क्यू.ए.आर का मूल्यांकन क्राइटेरिया–1 से क्राइटेरिया–7 तक किया। इसके पश्चात ए.क्यू.ए.आर सबमिशन की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। महाविद्यालय के **प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश सिंह ने आई.क्यू.ए.सी. कोऑर्डिनेटर, प्रो. परीक्षित सिंह सहित क्राइटेरिया की पूरी टीम** को बधाई देते हुए कहा कि महाविद्यालय शैक्षणिक उन्नयन हेतु निरंतर कार्य कर रहा है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि वर्ष 2026 में जब हम नैक प्रक्रिया के चौथे चक्र में जाएंगे तो निश्चित तौर पर उत्कृष्ट ग्रेड प्राप्त करेंगे।

इस अवसर पर **प्रो. परीक्षित सिंह, आई.क्यू.ए.सी., कोऑर्डिनेटर** ने मुख्य अतिथि के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा की ए.क्यू.ए.आर तैयारी में पूरा श्रेय हमारे क्राइटेरिया कोऑर्डिनेटर्स और उनकी टीम को जाता है। मुझे ऐसी टीम मिली है जिससे की हम सभी प्रकार के एकेडमिक कार्य को सुलभता से संपन्न कर लेते हैं।

इस अवसर पर **महाविद्यालय के कला संकाय के प्रभारी वरिष्ठ सदस्य प्रो. नित्यानंद श्रीवास्तव, महाविद्यालय के मुख्य नियन्ता, डॉ. आर. पी. यादव, डॉ. इंद्रेश पाण्डेय, श्री अश्वनी श्रीवास्तव** सहित अन्य शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा मतदाताओं को किया गया जागरूक




**दिनांक 25.01.2025 को महाविद्यालय, की राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता दिवस के अवसर पर प्राचार्य प्रो0 ओम प्रकाश सिंह एवं कार्यक्रम अधिकारियों के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।**

**स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं द्वारा 'बनो देश के भाग्य विधाता, अब जागो प्यारे मतदाता', पहले मतदान फिर जलपान, जैसे नारे लगाए गए।**

January-2025

रैली के पश्चात सभी स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाएं सेंट एंड्र्यूज डिग्री कॉलेज, गोरखपुर में आयोजित मतदाता दिवस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में सभी को मतदान शपथ भी दिलाया गया।

## मतदाता दिवस पर एन.सी.सी कैडेट्स द्वारा जागरूकता रैली एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन








**समाज में मतदान के महत्व को उजागर करने और लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त करने के उद्देश्य से दिनांक 25.01.2025 को 44 यूपी वाहिनी एन.सी. सी., गोरखपुर के तत्वावधान में दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर की एन.सी.सी. प्लाटून/कम्पनी के एनसीसी कैडेट्स द्वारा मतदाता दिवस पर एन.सी.सी कैडेट्स द्वारा जागरूकता रैली एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

**एन.सी.सी कैडेट्स ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2025 की थीम 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' पर आधारित पोस्टर, बैनर और स्लोगन के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूकता फैलाई** तथा मतदाताओं को उनके अधिकार और कर्तव्य के रूप में वोट करने पर गर्व करने के लिए अभिप्रेरित किया।



## महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस का आयोजन

**दिनांक 26.01.2025 को महाविद्यालय में 76वें गणतंत्र दिवस** के अवसर पर **प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह द्वारा झंडारोहण किया गया, तत्पश्चात प्रो. परीक्षित सिंह द्वारा उच्च शिक्षा निदेशक के पत्र का वाचन** करते हुए उच्च शिक्षा के उद्देश्य, शिक्षा में नवाचार तथा गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की बात कही। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आज नये भारत की नयी तस्वीर है। यह नया भारत स्वाभिमानी व सशक्त भारत है। यह सांस्कृतिक पुनर्जागरण का दूसरा दौर चल रहा है और पूरी दुनिया हमारे वसुधैव कुटुम्बकम के भाव से परिचित हो रही है। हमारा संविधान हम सभी देशवासियों को अपने अधिकारो के साथ–साथ एक नागरिक के रूप में दायित्वों को लेकर भी सजग–सचेत रहने की अपेक्षा करता है।





इस अवसर पर डॉ. श्रीभगवान सिंह ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण की दिशा में स्वयं का आत्ममूल्यांकन कर अपनी भूमिका सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सागर चौधरी ने ऐसा देश है मेरा, सिमरन सिंह ने आओ पधारो, बबलू यादव ने ऐ वतन तेरे लिए गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया एवं गणेश व वैष्णवी ने अपना भाषण प्रस्तुत किया।

